तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 5 अगस्त 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 तीन तलाक का पहला मामला कांकेर में मोदी ...

12 प्रस्ताव भेजा फिर भी टाटाकड़का के ग्रामीण...


# कांवड़ यात्राः आस्था, अनुशासन, एकता और भक्ति का अनुपम संगम, बोल बम व हर हर महादेव की जयघोष






## दुधावा क्षेत्र के शिवभक्त कांवड़ यात्रा लेकर 30 किमी चले पैदल

### कांवड़ियों का किया स्वागत

दुधावा क्षेत्र के कांवड़िया महानदी के उदगम स्थल सिहावा से जल लेकर सिहावा, सेमरा, बिरगुडी, बासपानी, घोटियावाही, खजरावन दुधावा बस स्टैंड एवं सालेटोला चौक होते हुए जलाभिषेक स्थल पहुँचे। कांवड़ियों का उक्त स्थलों पर व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने जलपान, केला, बिस्कुट, खीर और पुड़ी की व्यवस्था स्वेच्छा से किया था।



### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले , जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर , जनपद पंचायत नरहरपुर उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, टेकेश्वर जैन, हीरा मरकाम, जनपद सदस्य अमरिका नेताम, ग्राम पंचायत मालगांव सरपंच संगीत मरकाम, उपसरपंच पुष्पा जैन, ग्राम पटेल प्रीतम नाग, किशोर भास्कर, टिकेश्वर सिन्हा के अलावा दुधावा क्षेत्र के शिवभक्त उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुधावा/भानुप्रतापपुर/पखांजुर

- महानदी उद्गम स्थल सिहावा से जल लेकर भीमा महादेव बरकई पहुँचे कांवड़िएं
- सावन के अंतिम सोमवार पर शिवमय हुआ भानुप्रतापपुर, रही बोल बम की धूम

सावन का अंतिम सोमवार यानी 4 अगस्त 2025 एक ऐसा पर्व बन गया जिसने श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया, शिवभक्त कांवड़ में ही नजर आ रहे थे। शिव भक्तों की आस्था, कांवड़ो की यात्रा, पुष्प वर्षा और मंदिरों में उमड़ी भक्ति-भावना ने सावन मास को एक यादगार धार्मिक आयोजन बना दिया। हर वर्ष सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा हिन्दू समाज की सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक यात्राओं में से एक मानी जाती है। यह यात्रा विशेष रूप से शिव भक्तों द्वारा गंगाजल लेने के उद्देश्य से की जाती है, जिसे वे अपने पैतृक या स्थानीय शिव मंदिरों में अर्पित करते हैं। कांवड़ की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पूर्णतः पैदल यात्रा है, जिसमें श्रद्धालु नंगे पाँव चलते हैं और पूरे मार्ग में शुद्धता, संयम तथा अनुशासन का पालन करते हैं। कांवड़ में इस्तेमाल होने वाला पात्र, कपड़ा और झंडा भी धार्मिक प्रतीक होते हैं, जिन्हें विशेष विधि से सजाया जाता है। कोई भी कांवड़िया अपनी कांवड़ को जमीन पर नहीं रखता, यह उनकी आस्था का परिचायक है। यात्रा के दौरान बोल बम, हर हर महादेव जैसे उद्घोष वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। यह यात्रा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। विभिन्न ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सावन के अंतिम सोमवार पर शिवमय हुआ भानुप्रतापपुर



**भानुप्रतापपुर।** सावन माह का चौथा और अंतिम सोमवार दोहरीघाट में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही हर-हर महादेव के जयकारों के साथ लोग अपने क्षेत्रीय शिवालयों की ओर रवाना हुए। माह के अंतिम सोमवार को आजाद नगर डोंगरीपारा से भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमे बहुत संख्या में महिलाए, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए जिसमे सभी वर्गों ने उत्साह के साथ बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया। यह यात्रा प्रातः 6 बजे शिव मंदिर आजाद नगर से खंडी नदी के लिए जल लेने निकली खंडी नदी मे पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना कर जल लेकर संकल्प किया गया, जिसे वाटकेश्वर महादेव सुभाष पारा, पिपलेश्वर महादेव आजाद नगर, महाकाल शिवलिंग आजाद नगर और अंत मे डोंगरीपारा आजाद नगर स्थित शिव मंदिर मे बेलपत्र, भांग, धतूरा, अक्षत, फूल से पूजन किया गया। धूप-दीप और अगरबत्ती के साथ विधिवत जलाभिषेक कर भोलेनाथ को प्रसन्न करने की कामना की गई। कांवड़ियों की टोलियां हाथों में कांवड़ लिए डीजे की धुन पर झूमते हुए पहुंचीं। युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन मुस्तैद रहा। कवड़यों का धूम धाम से स्वागत हुआ और विभिन्न जगहों पर पानी एवं फल शर्बत आदि व्यवस्था रखी गई मंदिर समिति के द्वारा दोपहर 03 बजे से रुद्राभिषेक किया गया एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। अंतिम सावन सोमवार का पूरा दिन शिव भक्ति मय रहा।

## पखांजूर में धूमधाम से निकाली गई कांवड़ यात्रा



**पखांजूर ।** सावन के पावन महीने में पखांजूर नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर में सोमवार को कावड़ यात्रा और विशेष पूजा-अर्चना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों शिव भक्तों ने कावड़ यात्रा में भाग लिया, जो पूरे नगर में उत्साह के साथ निकाली गई। कावड़ यात्रा की शुरुआत शिव मंदिर से हुई, जहां से श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए पूरे नगर पंचायत का भ्रमण किए। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए, जिनके जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

यात्रा के दौरान, भक्तों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भजन-कीर्तन भी किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा , मोनिका साहा, शंकर सरकार, स्वपन तरफदार समेत अन्य सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ मिलकर भगवान शिव की आराधना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। कावड़ यात्रा का समापन वापस शिव मंदिर में हुआ, जहां विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पखांजूर में धार्मिक सद्भाव और भक्ति का एक अनुपम उदाहरण रहा, जिसमें सभी ने मिलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### अंजली उसारे ने क्यूट परीक्षा किया क्रेक



**दुर्गूकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंजली उसारे ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमएससी रसायनशास्त्र में प्रवेश के लिए दो प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालयों इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में काउंसलिंग कराई। दोनों ही संस्थानों में उनका नाम मेरिट सूची में शामिल हुआ। उन्होने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में एमएससी रसायनशास्त्र में प्रवेश लिया है।

### इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के निर्माण, और भंडारण पर प्रतिबंध

**कांकेर।** भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के निर्माण, भंडारण, परिवहन, उपयोग और बिक्री पर 01 जुलाई से प्रतिबंध लगा दिया गया है। विस्फोटक नियम 2008 के अंतर्गत फॉर्म-एलई-1 और फॉर्म एलई-3 में विस्फोटक लाससेंसधारियों से कहा गया है कि सभी लाइसेंसधारी अपने पास मौजूद विस्फोटक के शेष स्टॉक की जानकारी 07 दिनों के भीतर ईमेल के माध्यम से उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रण कार्यालय रायपुर को अवगत कराएं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और जिला खनिज अधिकारी को भी निर्देश जारी किए गए हैं।

## शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय के प्रवेशोत्सव में पहुंचे कलेक्टर तो बच्चे हुए निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर किया स्वागत



जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच राजू नेताम की उपस्थिति में 4 अगस्त को उत्साहपूर्वक शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान, चॉकलेट एवं बिस्किट खिलाकर स्वागत किया गया तथा गणवेश वितरित किए गए। कलेक्टर को अपने बीच पाकर दिव्यांग बच्चों में उत्साह देखने को मिला।

आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नेत्रबाधित दिव्यांग बच्चों के द्वारा वाद्ययंत्रों की संगत में देशभक्ति एवं लोकगीत की प्रस्तुति दी गई। श्रवण बाधित छात्र द्वारा कलेक्टर को स्वयं द्वारा बनाने गए पेंटिंग प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगों के सवांगीर्ण विकास के लिए तत्परता के कार्य कर रही है। मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा ▶▶| शेष पेज 10 पर




### धर्मांतरण व अवैध घुसपैठ के खिलाफ आज आंदोलन

**भानुप्रतापपुर।** सर्व समाज भानुप्रतापपुर द्वारा कथित धर्मांतरण, मतांतरण एवं अवैध घुसपैठ के विरोध में मंगलवार 5 अगस्त को प्रातः साढ़े 11 भानुप्रतापपुर में रैली और दोपहर 1 बजे तक धरना-प्रदर्शन होगा। यह प्रदर्शन मंगलभवन से प्रारंभ होकर मुख्य चौक तक रैली के रूप में निकाला जाएगा। आयोजन का समय से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। प्रदर्शन को भानुप्रतापपुर और संबलपुर के व्यापारी संघों का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगे क्षेत्र में हो ▶▶| शेष पेज 10 पर

## परलकोट में खाद की बिक्री बंद होने से किसान त्रस्त, जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

- कृषि आदान विक्रेता संघ के साथ मिलीभगत का आरोप

परलकोट क्षेत्र में लगातार अधिक दाम पर खाद की बिक्री खाद की कालाबाजारी और नकली खाद बिक्री से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने उच्च दर पर खाद बिक्री एवं शासन द्वारा दिए गए सब्सिडी ना मिलने की शिकायत किया था, जिस पर जाँच अधिकारी मनोज सरकार को निर्देश दिया गया, परंतु जाँच नहीं हो पाई, वहीं मामला ज्यादा बिगड़ ▶▶| शेष पेज 10 पर

### किसानों ने लगाया आरोप




किसानों का आरोप है कि जांच अधिकारी मनोज सरकार ने जांच करने की बजाय कृषि आदान विक्रेता संघ के साथ मिलीभगत कर संभावित कार्रवाई से बचने के लिए क्षेत्र में खाद की बिक्री को अनिश्चितकाल के लिए बंद करवा दिया। किसानों ने कृषि आदान विक्रेता संघ के इस कदम की निंदा करते हुए इसे उनकी परेशानी बढ़ाने का कारक बताया है। उनका कहना है कि जब उन्हें सबसे ज्यादा खाद की जरूरत है, ऐसे समय में खाद की दुकानें बंद होने से उनकी फसलें चौपट हो सकती हैं। किसानों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग किया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है।

### कार्रवाई की जाएगी

उपसंचालक कृषि कांकेर जितेंद्र कोमरा ने बताया कि कृषि आदान विक्रेता संघ की ओर से बंद के लिए किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। मैं एसडीओ भानुप्रतापपुर को पखांजूर भेज रहा हूं, लाइसेंस धारी दुकानों में खाद रहते हुए खाद ना बेचना जमाखोरी के अंतर्गत आता है। उन्हें अल्टीमेटम दिया जाएगा, यदि एक दो दिनों के भीतर खाद की बिक्री शुरू नहीं किया गया तो संपूर्ण खाद जप्त कर किसानों को उचित दर पर विक्रय कर दिया जाएगा।

### गांव में पाइपलाइन का विस्तार बना शोपीस

## मालगांव व बरकई में बना दी टंकी पर दो साल बाद भी घरों में नहीं पहुंचा पानी, योजना फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- दो टंकियों के निर्माण में 86 .86 लाख खर्च पर लाभ जीरो

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत मालगांव मुख्यालय एवं उसके आश्रित ग्राम बरकई में पानी टंकी का निर्माण कर दिया गया, परंतु इन टंकियों से आज तक एक बूंद पानी ग्रामीणों के घरों तक नहीं पहुँचा। जानकारी के अनुसार विकासखंड नरहरपुर एवं तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव में और उसके आश्रित ग्राम बरकई में पानी की टंकी बनाना 16 अगस्त 2022 को शुरू हुआ था, जिसे एक ठेकेदार को सौंपा गया था। एक टंकी की लागत 43.43 लाख रुपये बताई जा रही है। टोनो टंकी की लागत 86.86 लाख रुपए की इस योजना का उद्देश्य था हर घर को नल के माध्यम से जल की आपूर्ति करना, लेकिन दो वर्ष बीतने को हैं, फिर भी नल सूखे पड़े हैं। दो साल बाद भी विडंबना यह है कि इन टंकियों से आज तक एक बूंद पानी भी ग्रामीणों के घरों तक नहीं पहुंच पाया है। गांव में पाइपलाइन का विस्तार किया गया है, जिससे लोगों को उम्मीद थी कि अब उन्हें पीने का स्वच्छ जल घर बैठे मिलेगा, परंतु यह उम्मीद अब निराशा में बदल गई है। पानी की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को फिर ▶▶| शेष पेज 10 पर





### जांच करवाकर, जल्द शुरू हो जल आपूर्ति

ग्रामीणों की मांग है कि इस कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और ठेकेदार का नाम सार्वजनिक किया जाए। बोर्ड में भास्कर कंसट्रक्शन लिखा है, परंतु उसमें कार्य पूर्ण करने की तिथि नहीं लिखी है, कई जानकारी अधूरी है। प्रशासन से माँग है कि संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर जल्द से जल्द जल आपूर्ति शुरू कराया जाए, पानी नहीं मिलने पर ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## बाइक की ठोकर से घर के बाहर खेलता बालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




पर्रेकोड़ो में घर बाहर खेल रहे बालक को मोटर सायकल के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में बालक वाहन के बंफर में फंस गया व उसे गंभीर चोट आई, जिसका ईलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुंचे पर्रेकोड़ो निवासी 50 वर्षीय बैशाखिन बाई ने पुलिस को बताया कि 3 अगस्त को दोपहर करीबन 1 बजे घर पर थी। मेरा नाती रिहान कुमार विश्वकर्मा घर के सामने गली सीसी रोड किनारे खड़ा था। उसी समय आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 4409 के चालक मथेन कौड़ो अपने वाहन को कच्चे की ओर से तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आ रहा था। जो मेरे नाती रिहान विश्वकर्मा जो घर के सामने खड़ा था उसको ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरा नाती मोटर सायकल के बम्फर मे फंसा था, जिसे घसिटते हुए दूर तक ले गया। दुर्घटना मे मेरे ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### रतनपुर शाला प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्रों का सम्मान

**पखांजुर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पीव्ही 118 रतनपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पाठ्यपुस्तकें और यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। प्रवेशोत्सव उत्सव कार्यक्रम के उपरांत वर्ष 2025 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 1 से 8 तक के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को युवा लोक कल्याण सेवा समिति रतनपुर की ओर से पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख गणेश दास ने अपने आशीर्वचनों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक बुद्धदेन वाला, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक मौसमी दास, संकुल समन्वयक सुजन विश्वास, शिक्षक रविकुमार राठौर, उमा, शाला के रसोईया और सफाई कर्मी ग्रामीण रविंद्र दास, पुतुल विश्वास, रीता सरकार, उपस्तिथि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा लोक कल्याण सेवा समिति रतनपुर के सदस्य कनाई दास, कृपा सिंधु ढाली, देवाशीष कर्मकार, आशीष विश्वास, मनोज दास, रविशंकर कर्मकार, राजेश दास एवं रंजन सरकार का योगदान रहा।

### राशन वितरण में लोचा पीवी 25 में नई दुकान खोलने की मांग

**पखांजुर।** कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामकृष्णपुर के आश्रित ग्राम पीवी 25 के ग्रामीणों ने एक नई राशन दुकान खोलने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में अधिकारियों को आवेदन सौंपा है। ग्रीमणों कहना है कि वर्तमान में रामकृष्णपुर में स्थित एकमात्र राशन दुकान पर करीब 700 कार्डधारी निर्भर हैं, जिससे उन्हें राशन लेने में भारी असुविधा होती है।

ग्रामीणों के अनुसार नेटवर्क की समस्या के कारण राशन वितरण में अक्सर देरी होती है, जिसकी वजह से उन्हें घंटों तक इंतजार करना पड़ता है।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद को मिला 'तुलसी अलंकरण' सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

3 अगस्त 2025 को तुलसी मानस प्रतिष्ठान, छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में हाई स्कूल प्रांगण बफना में जिला स्तरीय श्रीमद् गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव एवं अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव को तुलसी अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। परिषद को यह सम्मान क्षेत्र में धर्म, जाति और अन्य भेदभाव से परे मानवता, प्रेम, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण निर्मित करने तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए प्रदान किया गया।

■ 15,000 युवाओं को नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण, सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी

परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने बताया कि सितंबर 2020 से अब तक लगभग 15,000 युवकों एवं युवतियों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनमें से कई का चयन विभिन्न सुरक्षा बलों में हो चुका है। परिषद द्वारा रक्तदान शिविर, मतदाता जागरूकता अभियान, यातायात जागरूकता अभियान और स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य भी नियमित रूप से किए जाते हैं।

### मानवता और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किया गया सम्मानित



#### बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर

सुब्रत साहा ने समारोह में उपस्थित माता–पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान दें।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम भी उपस्थित रहे।

## महिला व बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने आंबा और नशामुक्ति केंद्रों का किया दौरा

# मंत्री ने नशे के नुकसान बता दूर रहने की दी सलाह, बच्चों के पोषण आहार को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कोंडागांव जिले के दौरे के दौरान विभागीय संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं और बच्चों के हित में संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

■ बच्चों से मिलकर दी चॉकलेट अधिकारियों को दिए बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश

मंत्री ने अपने दौरे में नशा मुक्ति केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, बालिका बाल गृह और सखी सेंटर का निरीक्षण किया। बनियागांव में नशा मुक्ति केंद्र का दौरा करते हुए, उन्होंने नशे से ग्रस्त लोगों की संख्या और उनके उपचार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ितों से बात कर नशे के नुकसान बताए और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी। इसके बाद, मंत्री ने बनियागांव के नयापारा आंगनबाड़ी केंद्र और चिखलपुट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र प्लाटपारा का भी दौरा किया। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार और सिखाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने कविता, कहानी और एबीसीडी सुनाकर मंत्री को प्रभावित किया, जिसकी उन्होंने सराहना की और बच्चों को चॉकलेट वितरित की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में किचन और बाथरूम की साफ–सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित सीडीपीओ को निर्देश दिए।



#### हॉफवे होम और सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने हॉफवे होम और सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। सखी सेंटर में उन्होंने पीड़ितों की काउंसलिंग प्रक्रिया देखी और समुचित काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। हॉफवे होम में उन्होंने रेस्क्यू किए गए लोगों के स्वास्थ्य, रहने–खाने की व्यवस्था की जानकारी ली और दूसरे राज्य से आए लोगों को उनके गृह राज्य भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बालिका बाल गृह में उन्होंने बच्चियों की खेल उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें पढ़ाई और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पीएस एल्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### गारमेंट फैक्ट्री का किया दौरा



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कोंडागांव जिले के एक दिवसीय दौरे पर विभिन्न स्थानों का दौरा किया। उन्होंने शबरी एंपोरियम पहुंचकर बेलमेटल की कलाकृतियों का अवलोकन किया और शिल्पकारों के काम की सराहना की। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध शिल्पकार डॉ. जयदेव बघेल के घर जाकर बेलमेटल बनाने की प्रक्रिया को भी समझा। मंत्री ने कोण्डागांव के कोपाबेड़ा में स्थित राज्य के प्रमुख नारियल विकास बोर्ड का दौरा कर नारियल के उत्पादन को देखा। बोर्ड के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि यहाँ नारियल के साथ–साथ कॉफी और काली मिर्च के पौधे भी लगाए गए हैं। इसके बाद, श्रीमती राजवाड़े ने कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहाँ महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा और उत्पादन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कार्यरत महिलाओं से बात की और उनके काम के बारे में जाना। संस्था के अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि यह फैक्ट्री पिछले तीन सालों से चल रही है और इसके माध्यम से शहर की 300 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। मंत्री ने फैक्ट्री की सराहना करते हुए और अधिक महिलाओं को रोजगार देने का प्रयास करने की बात कही।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक श्री पीएस एल्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिद्ध श्रीगणेश स्वामी मंदिर में मानस पाठ की पूर्णाहुति



**भानुप्रतापपुर।** सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर संबलपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर परिसर संबलपुर में रखा गया था, जिसमें समस्त संबलपुर ग्रामवासी के साथ साथ सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर परिसर संबलपुर में शंकर लाल, अशोक पिंटू, पवन, सोनू राठी परिवार संबलपुर के द्वारा अखंड रामायण पाठ की शुरुआत 2 अगस्त को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम शुभारंभ संस्कृति मानस मंडली संबलपुर, महेश्वरी महिला मंडल संबलपुर, राष्ट्र सेविका संबलपुर मंडली एवं अखंड रामायण पाठ का समापन में शिव शक्ति मानस मंडली सराई पारा संबलपुर के द्वारा किया गया। अखंड रामायण पाठ का 3 अगस्त को लगभग 3 बजे के आसपास पूरे विधि विधान से अखंड रामायण पाठ का गणेश मंदिर परिसर में पूजा एवं हवन कार्य संपन्न हुआ। इस भक्तिमय अखंड रामायण पाठ में संबलपुर ग्राम वासियों के साथ-साथ सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर ट्रस्ट संबलपुर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

#### सावन के अंतिम सोमवार को निकली शिव की भव्य बारात

**कोण्डागांव।** सावन महीने के अंतिम सोमवार को शहर में भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा शिव बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### एक पेड़ मां के नाम पर 28वीं वाहिनी ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 04 अगस्त को 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में अधिकारियों एवं जवानों द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए, जिससे परिसर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कमांडेंट अरुण देवगम, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एव जवानों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वेच्छा से पौधे रोपित किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाना है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। इस अवसर पर कमांडेंट ने सभी जवानों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण में योगदान देने को प्रेरित किया और बताया कि हरित वातावरण स्वस्थ्य जीवन की नींव है और वृक्षारोपण उसी दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करेंगे ताकि वे पूर्ण रूप से विकसित होकर इस क्षेत्र की हरियाली में अपना योगदान दे सकें।

### राजमिस्त्री प्रशिक्षण से आवास निर्माण को मिलेगी नई गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार एवं तकनीकी दक्षता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आरसेटी रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट नारायणपुर, जगदलपुर और कांकेर के सहयोग से जिला कोंडागांव के 84 युवाओं को 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के चयनित प्रतिभागियों को भवन निर्माण की बारीकियों, गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों एवं आवासीय योजना संबंधी कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि जिले में चल रही आवास योजनाओं को कुशल श्रमिकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराना भी है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में बड़ी संख्या में आवास निर्माणाधीन हैं। तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मिस्त्रियों की उपलब्धता से न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे भविष्य में कोण्डागांव जिले में आवासीय योजनाओं की प्रगति और सुदृढ़ होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले हजारों परिवारों को शीघ्रतापूर्वक पक्के आवास उपलब्ध हो सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रयास न केवल रोजगारपरक है, बल्कि यह ग्रामीण बुनियादी संरचना को मजबूत करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

■ आरसेटी नारायणपुर, जगदलपुर एवं कांकेर द्वारा जिले के 84 प्रशिक्षार्थियों को दिया जा रहा

#### प्रमाण पत्र एवं रोजगार का अवसर मिलेगा

*प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी निर्माण कार्यों में प्राथमिकता के साथ कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही इच्छुक युवा निजी स्तर पर भी कार्य प्रारंभ कर स्वावलंबन की ओर बढ़ सकेंगे।*

### पतंजलि योग समिति ने मनाया जड़ी बूटी दिवस, औषधियों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पतंजलि योग समिति की जिले की इकाई ने डुमाली में आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। पतंजलि के आधार स्तंभ आचार्य बालकृष्ण आयुर्वेद के अच्छे जानकार हैं और उन्होने हमारे आासपास पाए जाने वाले पौधों के औषधीय गुणों पर कई पुस्तकें लिखी है। पिछले कई वर्षो से पतंजलि योग समिति उनके जन्म दिन को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाती आ रही है। इसी तारतम्य में जिले की पतंजलि योग समिति ने ग्राम डुमाली में एक सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. दादूलाल पटेल ने संकल्प दिलाया कि सभी पौधारोपण के माध्यम से समाज का हित करने का प्रयास करेंगे और साथ ही अपने द्वारा रोपित पौधों की देखभाल करेंगे।

समिति के महासचिव भारतेन्दु समुन्द ने कहा कि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण राष्ट्रहित में अनेक कार्य कर रहे हैं, वे स्वयं समाजसेवा कर ही रहे है, साथ ही दूसरों को भी इस दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। हमें भी उनसे शिक्षा ग्रहण करते हुए अपना हर कदम राष्ट्रहित में उठाना चाहिए। सुनील साहू ने कहा कि हमें आयुर्वेद की अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर स्वयं तथा दूसरों को लाभान्वित कराने का प्रयास कराना चाहिए। पतंजलि योग समिति के तहसील अध्यक्ष उपेश्वर ठाकुर ने गिलोय, निर्गुण्डी, पारिजात आदि का उपयोग बताया और कहा कि हम सभी को इन उपयोग से अवगत होना चाहिए और प्रकति के दिए इस आयुर्वेद रूपी वरदान का लाभ उठाना चाहिए। पतंजलि योग समिति की युवा इकाई के जिलाध्यक्ष जागेश्वर देवांगन ने अपनी यादों को ताजा करते हुए कहा कि इसी गांव में उन्होने अध्ययन करते हुए आठवीं की परीक्षा में तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यार्थियों को पूरी मेहनत से अध्ययन करने का सुझाव दिया।

डुमाली के हाईस्कूल की प्रभारी प्राचार्य अंजना शुक्ला ने भी अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## पेज 9 के शेष

#### कांवड़ यात्रा: आस्था...

क्षेत्रों, जातियों और वर्गों से आए लोग एक समान भाव से इस यात्रा में शामिल होते हैं, जो समाज में एकता और सहयोग का संदेश देता है। सावन माह के अंतिम सोमवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण ईलाकों में बोल बम, हर महादेव की गूँज के साथ पूरा क्षेत्र शिवमय के माहौल में रम गया। अंतिम सोमवार को होने के चलते हर जगह कांवड़िया ही नजर आ रहे थे। महानदी के उद्गम स्थल से जल लेकर 30 किमी. की कांवड़ यात्रा करके कांवड़िया बरकई भीमा महादेव पहुँचे और जलाभिषेक किया। दुधावा क्षेत्र बोल बम के नारे से गूंज उठा। भीमा महादेव सेवा समिति बरकई, दक्षेश्वर महादेव सेवा समिति धनोरा और दुग्धेश्वर महादेव सेवा समिति दुधावा के तत्वावधान में आयोजित कांवड़ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ियों ने सुबह महानदी के उद्गम स्थल सिहावा पहुंचे और जल लेकर वापिस लगभग 2 बजे पहुंचे। कांवड़िए रास्ते में डीजे के धुन में थिरकते हुए बोल बम के जयकारे लगाते चलते रहे और जलाभिषेक के उपरांत दोपहर साढ़े तीन बजे महाआरती के साथ समापन किया गया। कांवड़ियों में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कांवड़िया 30 किमी. पैदल चलकर अभिषेक स्थान पहुंचे और जलाभिषेक किया।

#### शासकीय दृष्टि एवं...

है। पिछले वित्तीय वर्ष में दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा के लिए बाउड्रीवॉल एवं अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किया गया है। इस वर्ष जो भी दिव्यांग छात्रों के हित में जो प्रस्ताव आएंगे, उन पर यथाशीघ्र कार्यवाही किया जाएगा। इस विद्यालय में बस्तर संभाग सहित छत्तीसगढ़ के दिव्यांग बच्चे पढ़ने आते हैं, उनके लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। छात्रों ने कहा कि जिले के कलेक्टर को हम लोगों ने जब भी याद किया, कार्यक्रम में शामिल हुए और हमारी मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए गंभीर है और हर समस्या का समाधान तत्परता से करते है। बच्चों में कलेक्टर को अपने बीच पाकर उत्साह देखने लायक था। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक, सह अधीक्षक, तकनीकि सहायक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

#### धर्मांतरण व अवैध...

रहे कथित धर्मांतरण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें तत्काल बाहर करने, स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक ताने-बाने की रक्षा के लिए राज्य व केंद्र सरकार से ठोस पहल करने की माँग रखी है।

#### परलकोट में खाद...

गया। कृषि सभापति दीपांकर राय से बात करने पर उन्होंने बताया परलकोट क्षेत्र में अधिक दर पर खाद की बिक्री तथा नकली खाद की बिक्री एवं शासन द्वारा दिए जा रहे शासकीय योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं देने की शिकायत मिलने पर हाल ही में आयोजित कृषि सम्मेलन में जांच अधिकारी पखांजूर मनोज सरकार को जांच कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था, जहां कृषि आदान विक्रेता संघ का कोई भी सदस्य उपस्थिति नहीं था। कृषि जांच अधिकारी ने कृषि आदान विक्रेता संघ से मिलकर जानबूझकर यह संकट पैदा किया है, ताकि विभागीय कार्रवाई से बचा जा सके। भारतीय जनता पार्टी किसानों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेगा जल्द ही इस पर ठोस कदम उठाया जाए। इस संबंध में जिला मंत्री भाजपा मोनिका साहा से बात करने पर उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी के किसी भी पदाधिकारी ने कृषि आदान विक्रेता संघ के किसी भी दुकान को चिह्नांकित कर जांच करने का निर्देश नहीं दिया था। भारतीय जनता पार्टी पर लगाए गए सभी आरोप बेवुनियाद है।

#### मालगांव व बरकई...

से पुराने स्रोतों कुएं, हैंडपंप या नदी पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

#### बाइक की ठोकर...

नाती रिहान के सिर व शरीर के अन्य हिस्से में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 4409 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आदिवासी संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विश्व आदिवासी दिवस के पावन अवसर पर रविवार को आदिवासी महिला कर्मचारी प्रभाग दुर्गूकोंदल के तत्वाधान में सामुदायिक भवन दुर्गूकोंदल में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम, अध्यक्षता राजबत्ती पोटाई ने किया, विशिष्ट अतिथि के रुप में भूतपूर्व अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जगत दुग्गा, गोंड समाज के अध्यक्ष झाड़ उयका एवं समाज प्रमुख उपस्थित रहें। नवाखाई, हरेली, विश्व आदिवासी दिवस एवं धनकुल विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, आदिवासी संस्कृति पर आधारित वेशभूषा प्रदर्शन, चित्रकला, आदिवासी संस्कृति पर आधारित आदिवासी गीतों पर एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य का आयोजन, गुलेल प्रतियोगिता, दोना पतल सिलाई प्रतियोगिता, धान फूनाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में प्रथम अंकिता नरेटी, द्वितीय आरुषि पोटाई, तृतीय सुखबत्ती दुग्गा, चित्रकला प्रतिभा नेताम, सृष्टि हिड़को, गुलेल विजय मरकाम, कमलेश दुग्गा, दोना पत्तल रजनी नरेटी, निर्मला हिड़को, बिरम नरेटी, चावल टोसकना रजनी नरेटी, अनुसिया, दुर्गा पुड़ो, पगड़ी बांधना भूसाराम तुलावी, डड़ेसिंह, रितेश कल्लो, कुर्सी दौड़ सरस्वती मरकाम, भुनेश्वरी उइके, कन्या मरकाम, एकल नृत्य प्रतिमा नरेटी, वेशभूषा ईसा वट्टी, सामूहिक नृत्य नेहा नरेटी एवं साथी ने स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मुकेश गावड़े, हरेश रावटे, सेवालाल चिराम, ललित नरेटी, बाबूलाल कोमरे, बैजनाथ नरेटी, नीलकंठ, घेवरचंद मरकाम, गजेंद्र ठाकुर, सुनील दर्रो, शत्रुघन नेताम, अनीत ध्रुव आदि की उपस्थिति रहें।

## खबर संक्षेप

### प्रथम पालक-शिक्षक बैठक 6 को

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त को समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल और सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को आदेशित किया गया है। समस्त स्कूलों में पालक-शिक्षक बैठक सफलता पूर्वक संपन्न करवाने हेतु नोडल और सहा. नोडल एवं संबंधित संकुल के प्राचार्य को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने चला रहे अभियान



**सुकमा।** जिले में शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित स्थलों में पंजीयन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद सुकमा क्षेत्र अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक समस्त वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ हितग्राहियों से वश्यक दस्तावेज लेकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि जिले में सभी पात्र हितग्राही स्वास्थ्य सेवाओं अंतर्गत संचालित योजना के शत प्रतिशत लाभ दिलाना है। इसके लिए हम घर-घर जाकर कार्ड बनाने की पहल कर रहे हैं। शिविरों में आयुष्मान मित्र, स्वास्थ्य विभाग एवं नगरीय निकाय की टीम मिलकर हितग्राहियों को योजना की जानकारी दे रही है एवं तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है।

### खनिज न्यास निधि से होगी 60 अतिथि शिक्षकों की भर्ती

सुकमा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में संचालित शासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिकी, रसायन के व्याख्याता के कुल 60 रिक्त पदों पर जिला खनिज न्यास निधि मद से स्थानीय अतिथि शिक्षक के रूप में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदाय कर करने आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिले के उच्चतर स्कूलों में शैक्षणिक अध्यापन व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक सहभागिता एक अनुकरणीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर/भानपुरी

विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला पटेलपारा, राजपुर में आयोजित न्योता भोज और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को एक सूत्र में बांधकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रेरणास्पद आयोजन में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी और खंड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों के शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की, जिससे वे संतुष्ट नजर आए। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस आयोजन में सरपंच रचना कश्यप, उपसरपंच सामनाथ कश्यप, जनप्रतिनिधि रघुनाथ कश्यप, मोतिराम कश्यप , संकुल प्राचार्य चरण बघेल, रुपेश बघेल सहित कई ग्रामीणों व युवाओं ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों, पालकों और युवाओं के साथ शैक्षणिक विकास को लेकर खुले मंच पर संवाद किया गया। शाला भवन की स्थिति, शिक्षकों की कमी और शैक्षणिक गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। अधिकारियों ने लोगों की जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि समाज का यह सक्रिय योगदान आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संवारने में सहायक सिद्ध होगा।





न्योता भोज का आयोजन संकुल समन्वयक गजेंद्र ठाकुर एवं प्रधान पाठक पंचम राम नेगी के निर्देशन में किया गया। भोज की तैयारी में ग्राम के युवाओं बलिराम कश्यप, शांतनु कश्यप, गोलूराम कश्यप, सामनाथ कश्यप, सरिता कश्यप, फाल्गुनी कश्यप, पदमा कश्यप , चीतु राम पटेल तथा पालकों ने मिलकर उत्साहपूर्वक सहयोग किया। शाला के रसोइया सहादेव कश्यप एवं मेहतू सिन्हा ने परिश्रमपूर्वक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए।कार्यक्रम में सरपंच रचना कश्यप ने विद्यालयों के चहुंमुखी विकास हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षकों की कमी, भवन की आवश्यकता आदि समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया, जिन पर अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का विश्वास दिलाया।

## संगठन चुनाव : बीटीओए में वार्षिक चुनाव का शंखनाद

# मनोज पैनल ने देवी दंतेश्वरी दर्शन के बाद भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एशोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मनोज सिंह पैनल के प्रत्याशियों ने सोमवार को प्रातः 9 बजे बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन करने के पश्चात दोपहर 12 बजे किरंदुल बीटीओए कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कर कहा यूनियन के हित एवं सदस्यों के सम्मान के लिए काम करेंगे।



लौहनगरी में इन दिनों बैलाडीला ट्रक आनर्स एशोसिएशन का चुनाव पूरे सवाब पर है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज सिंह और सचिव पद के प्रत्याशी विप्लव मल्लीक दोनों ही अपने पैनल की जीत का दावा कर रहे है। अपने पूरे पैनल के साथ सदस्यों के पास पहुंचकर जनसम्पर्क चालू कर दिया है और जोश के साथ उनका पूरा पैनल और समर्थक उन्हें जीताने में लगे है। मनोज सिंह पैनल मतदाताओं के घर जाकर अपने पैनल के लिये वोट मांग रहे है और बड़ो का आशीर्वाद ले रहे है। इस वर्ष 995 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, 13 अगस्त को चुनाव होने है। इनके पैनल को चुनाव चिन्ह मंगलवार को आबंटन की जायेगी। वही पैनल के प्रत्याशियों की सूची में अध्यक्ष पद के लिये मनोज सिंह सचिव विप्लव मल्लीक, उपाध्यक्ष रोहित साहू, विजयंत सिंह गौतम वीरू, कोषाध्यक्ष गुनवित सिंह, सहसचिव विस्वजीत सरकार पिंकु व इमरान खान बाबू है।

## बीटीओए के सदस्यों ने बाधित मार्ग को शुरू करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

मुख्य महाप्रबंधक कोडोली श्रीधर एनएमडीसी लिमिटेड बचेली काम्प्लेक्स से दक्षिण बस्तर की एकमात्र सबसे बड़ी ट्रक मालिकों की संस्था बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोशियशन बीटीओए के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर लोडिंग पॉइंट के रोड की समस्या से अवगत करवाया। मुख्य महाप्रबंधक ने अति शीघ्र ही पुनः सुचारु रूप से लोडिंग शुरू करवाने एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि बचेली में भारी बारिश के चलते एनएमडीसी का पुराना मार्केट स्थित टेलिंग डेम लगभग 10.30 बजे ढह गया। जिससे जन जीवन को हताहत होने की किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं हैं। वही रामधर कश्यप, चालकी पारा बचेली के ट्रक मालिक का ट्रक जो की ठीक इसी डेम के नीचे लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क में खराब हों गया था, कटाव के चपेट में आ गया। विदित हों की बचेली में लगातार कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही थीं। भारी बारिश के चलते मिट्टी से बना चेक डेम जो लगभग 52-55 वर्ष पूर्व बना था, कल ढह गया। बीटीओए के सदस्य, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, एनएमडीसी के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा डेम के आस पास निवासरत लोगों को आपातकालीन दुर्घटना से सचेत रहने को कहा गया। एनएमडीसी प्रशासन एवं बीटीओए के सदस्यों द्वारा मिट्टी के गाद उठाने के लिए पोकलेन बड़े ड्रोजर मशीनों की व्यवस्था करके लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क मार्ग का सफाई की गयी।

लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क मार्ग में मिट्टी के गाद भर जाने से सुरक्षागत कारणों से लौह अस्यक का परिवहन रोक दिया गया, प्रतिदिन 300 गाड़ियों में इसी मार्ग से लोह अयस्क लोडिंग हेतु जाती है, जिससे ट्रक मालिकों एवं इस व्यवसाय से जुड़े हुए आम लोगों के सामने बड़ी संकट उत्पन्न हुई है। इस दौरान उमेश सिंह गौतम, राहुल असरानी, आकाश गोयल, मनीष नायक, अनिल यादव, विक्रम अग्रवाल, गौरव सिंह, डिवीन थॉमस, सुनील एवं बीटीओए संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उमेश सिंह पैनल ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**दंतेवाड़ा।** बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की 13 अगस्त को होने वाले बीटीओए के एक वर्षीय चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार 5 अगस्त को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटन किया जाएगा। नाम वापसी और स्कूटनी की तिथि भी 5 अगस्त ही रखी गई है। साथ ही सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव अधिकारी के द्वारा एक चुनाव संचालन समिति का भी गठन किया गया है । चुनावी दौर में उमेश सिंह गौतम के पैनल के सचिव पद के उम्मीदवार आकाश गोयल,उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल असरानी एवं दीपक बढ़ई,कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष नायक,सह सचिव पद के लिए वैभव गौरांग साहा एवं अविनाश कर्माकर ने अपने समर्थकों के साथ आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार दंतेवाड़ा पहुंच पूजा अर्चना के बाद बीटीओए कार्यालय पहुंच कर नामांकन पत्र जमा किया।

# बच्चों की बुनियादी दक्षता पर विशेष ध्यान देना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

संकुल केंद्र बचेली 1 एवं बचेली 2 के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बड़ेपारा बचेली, प्राथमिक शाला पटेलपारा बचेली एवं पोटाकेबिन बचेली प्राशा पीएम सरस्वती एवं आदर्श माशा का निरीक्षण हरीश सिन्हा खंड शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एवं आर संजय, जारिना खातून संकुल समन्वयक, संकुल केंद्र बचेली 1, बचेली 2 द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की सहभागिता, मध्याह्न भोजन योजना, टीएलएम शैक्षणिक सामग्री के उपयोग, स्वच्छता व्यवस्था तथा विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

शिक्षण कार्य में सक्रियता और छात्रों की कक्षा में भागीदारी को सराहा गया। शिक्षकों को निर्देश दिए गए कि वे बच्चों की बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान दें और मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से संपन्न करें। विद्यालयों में स्वच्छता एवं अनुशासन व्यवस्था को बनाए रखने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

आर. संजय द्वारा संकुल स्तर की शैक्षणिक योजनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए नवाचारों के माध्यम से बच्चों को रुचिकर शिक्षा देने का आग्रह किया।

निरीक्षण के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी हरीश सिन्हा ने अभिभावकों व एसएमसी सदस्यों से संवाद कर विद्यालय विकास में सामुदायिक भागीदारी को आवश्यक बताया और आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## खाद्य प्रतिष्ठान रेस्टोरेंट, होटल का होगा औचक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** छग शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों, संक्रमण की रोकथाम एवं जन-सामान्य को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अभियान छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा समेत समस्त 33 जिलों में चलाया जायेगा। 4, 5 एवं 6 अगस्त को उक्त अभियान के तहत स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य विक्रय करने वाले प्रतिष्ठान और रेस्टोरेंटों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक जांचे जाएगें। साथ ही अखबारी कागज का उपयोग, बासी खाद्य पदार्थ का उपयोग, पेयजल जांच, वेज-नॉनवेज का कंटेनर में रख-रखाव, खाद्य पदार्थ की अस्वच्छ हैंडलिंग आदि इसके दुष्प्रभाव की जानकारी खाद्य कारोबार कर्ता एवं क्रेता को दी जायेगी।

# अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें: मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 में ग्रामसभा में ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा, आय-व्यय का ब्यौरा और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। जिसमें सरपंच ईश्वर मंडावी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने और ग्राम विकास में सक्रिय भाग लेने का आह्वान किया।

ग्राम पंचायत ने आगामी विकास कार्यों के लिए विस्तृत योजना तैयार करने का निर्णय लिया, जिसमें जल संचयन, सड़क निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामवासियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे और एकमत से निर्णय लिया कि प्रस्तावित विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ग्राम सभा की बैठक ने ग्रामवासियों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया और उन्हें अपने गांव के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ग्राम सभा के समापन के बाद, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास में आम और अमरूद के पेड़ लगाए गए। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पेड़ लगाने के महत्व पर चर्चा की। पेड़ लगाने से न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचता है, बल्कि ग्रामवासियों को भी सीधे लाभ मिलता है। इस अवसर पर उपसरपंच सामबती ठाकुर, सचिव ललित बघेल, सीएसी कृष्णा सिंह ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी बसंत टोप्पो, शिक्षक, पंचगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।



# आदिवासी समुदाय सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज : लोहंडीगुड़ा

लोहंडीगुड़ा में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी समुदाय की समृद्धि और संस्कृति का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अशोक खापर्डे के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। जिसमें छात्र-छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए जैसे नृत्य, गायन, भाषण प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियाँ दीं और आदिवासी समुदाय के महत्व को उजागर किया। हर साल 9 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी बड़ी उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी जरूरतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। आदिवासी समुदाय भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी समृद्ध परंपराएं, भाषाएं और रीति-रिवाज हमारी विविधता और सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाते हैं।



छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार दिलाने और उनकी संस्कृति को सहेजने के लिए कई पहल की हैं। वनवासियों का मूल मंत्र जल, जंगल जमीन के साथ सादगी भरा जीवन यापन करते हैं। इस कार्यक्रम में पीएम सेजेस लोहंडीगुड़ा के समस्त स्टॉफ एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ मेला का आयोजन अनिवार्य रूप से हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिले में केन्द्र एवं राज्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिले के चारों विकासखंडों दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड पंजीयन, सियान-जतन योजना, सिकल सेल एनीमिया की जांच, क्षय (टीबी) नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया उन्मूलन, पोषण पुनर्वास केंद्र, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट, गैर-संचारी रोग नियंत्रण, एवं स्क्रीनिंग, ई-संजीवनी सेवाएं, जन आरोग्य समिति, हेल्थ शिविर, सुरक्षित मातृत्व अभियान, लक्ष्य के विरूद्ध प्रसव, गर्भवती पंजीयन, नेक्स्ट जेन कार्यक्रम समेत अनेक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# कोसमी गांव में शिक्षा की अलख जगाने निकले सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बकावंड

- बच्चों संग किया भोजन, परखी गुणवत्ता, पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत कोसमी के युवा एवं शिक्षित सरपंच नीलम कश्यप ने गांव में शिक्षा की अलख जगाने का बीड़ा उठाया है। वे स्कूलों में दस्तक देकर शाला त्यागी एवं ज्यादातर गैर हाजिर रहने वाले बच्चों की जानकारी लेते हैं और बच्चों के पालकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में सरपंच नीलम कश्यप और पंचों ने प्राथमिक शाला कोसमी में स्कूली बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता परखी। श्री कश्यप ने भोजन करते करते बच्चों से संवाद किया और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। सरपंच के आत्मीय व्यवहार ने बच्चों का दिल जीत लिया। इस दौरान सरपंच नीलम कश्यप ने प्रतिक्रिया दी कि आज पंचों की उपस्थिति में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुधारने के लिए चर्चा करना एक बहुत ही सकारात्मक पहल रही है। महिला समूह को मध्यान्ह भोजन में पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए कहा, जिससे बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन मिल सके। मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना है, बल्कि उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देना है। सरपंच नीलम कश्यप ने आगे कहा- आज मेरे छात्र जीवन की यादें ताज़ा हो गईं। जब मैं बच्चों के साथ भोजन कर रहा था, तो मेरा स्कूली जीवन भी याद आया यह अनुभव निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत ही भावपूर्ण और यादगार रहा। मैं आगे भी बच्चों के हित में ऐसे ही कदम उठाता रहूंगा।



## मित्रता दिवस पर एकजुट रहने की ली शपथ

**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने मित्रता दिवस मनाया। सभी सदस्यों ने मिलकर यह शपथ लिया कि संस्था के प्रति हम सब एक जुट होकर कार्य करेंगे, हम सब के बीच यह मित्रता का संबंध तभी सफल होगा। संस्था द्वारा आगामी दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष हरि माधव दास उनकी पत्नी अर्चना दास को संस्था की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सुबीर नंदी, सुधीर मंडल, जतिन राय चौधरी, दुलाल घोष, संजीव शील, दृशान चक्रवर्ती, जय गोपाल सरकार, शांतनु नाग, मृणाल मल्लिक,असीम गाइन, सचिन सरकार नीलिमा विश्वास, इन्द्राणी नंदी, निवेदिता राय चौधरी, शेफाली सरकार, डॉ तमा गाइन मौजूद रहे।

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.**

**// शपथ-पत्र //**

मैं शपथकर्ता कुमार कोर्राम (**KUMAR KORRAM**) पिता- मेहत्तर कोर्राम (**MAHATTAR KORRAM**), उम्र 51 वर्ष, निवासी- म. नं.- 134, वार्ड नं.-08, ग्राम- पाण्डरवाही शीतलापारा, पोस्ट- नाथियानवागांव, तहसील- कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

01. यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं।
02. यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक- **3201 5522 6948** में मेरा नाम- राजेन्द्र कुमार कोर्राम (**RAJENDRA KUMAR KORRAM**), पिता- मेहत्तर कोर्राम (**MEHATTAR KORRAM**) अंकित है।
03. यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र एवं अंकसूची में नाम कुमार कोर्राम (**KUMAR KORRAM**) पिता- मेहत्तर कोर्राम (**MEHATTAR KORRAM**) दर्ज है, जो सत्य एवं सही है।
04. यह कि, मेरा सही व वास्तविक नाम कुमार कोर्राम (**KUMAR KORRAM**) पिता- मेहत्तर कोर्राम (**MEHATTAR KORRAM**) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि कंडिका 01 से 04 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे मुकाम कांकेर में आज दिनांक 17/07/2025 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया/दी हूं।

स्थान-कांकेर,
दिनांक-17/07/2025

कुमार
शपथकर्ता

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.**

**// शपथ-पत्र //**

मैं शपथकर्ता अनिता कोर्राम (**ANITA KORRAM**) पति- कुमार कोर्राम (**KUMAR KORRAM**), उम्र 50 वर्ष, निवासी- म. नं.- 134, वार्ड नं.-08, ग्राम- पाण्डरवाही शीतलापारा, पोस्ट- नाथियानवागांव, तहसील- कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :-

01. यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करती हूं।
02. यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक- **6362 2829 9551** में मेरे पति नाम- राजेन्द्र कुमार कोर्राम (**RAJENDRA KUMAR KORRAM**) अंकित है।
03. यह कि मेरे पति के मतदाता परिचय पत्र एवं अंकसूची में नाम कुमार कोर्राम (**KUMAR KORRAM**) दर्ज है, जो सत्य एवं सही है।
04. यह कि, मेरे पति का सही व वास्तविक नाम - कुमार कोर्राम (**KUMAR KORRAM**) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

-: सत्यापन :-

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि कंडिका 01 से 04 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे मुकाम कांकेर में आज दिनांक 17/07/2025 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया/दी हूं।

स्थान-कांकेर,
दिनांक-17/07/2025

अनिता
शपथकर्ती

## खबर संक्षेप



### देवगुड़ी निर्माण कार्य में लापरवाही उजागर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम डुवा में देवगुड़ी निमर्ण कार्य को ठेकेदार द्वारा लापरवाही ढंग से बनाया जा रहा है और विधायक निधि के पैसा को ठेकेदार द्वारा दुरूपयोग किया गया है। देवगुड़ी के निमर्ण कार्य में ढलाई हुआ है, जिसमें अभी से सीपेज मार रहा है। ग्रामीणों सोमदेव कोरेटी, गायता मानुराम बोगा, चम्पालाल ताम्रकार, उपसरपंच जैन सिंह उइके, कंगालूँ राम दुग्गा, लालसाय मरकाम ने बताया कि ठेकेदार द्वारा लापरवाही ढंग से देवगुडी को बनाया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा लापरवाही ढंग से बनाया जा रहा है।

### बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश का मौका 14 तक

**कांकेर।** कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के निर्देशानुसार बीएससी प्रथम सेमेस्टर सीबी, सीबीएमबी, पीसीएम और पीएमजी में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी बस्तर विश्वविद्यालय की वेबसाइट से महाविद्यालय क्रमांक 803 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर में 14 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### फांसी लगाकर दी ग्रामीण ने जान

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत चोरिया निवासी 50 वर्षीय विष्णु मंडावी ने डोंगरीपारा के घर में 2 अगस्त की रात 9 बजें फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चोरिया निवासी 55 वर्षीय जंगल सिंह शोरी ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब के नशे में गमछा से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मत्स्य समिति के लेनदारों से दावा आपत्ति आमंत्रित

**कांकेर।** जिले के पखांजूर तहसील अंतर्गत युवा विकास मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित पीव्ही 42 के परिसमापन की प्रक्रिया के तहत संबंधित सदस्यों एवं व्यक्तियों से लेनदारी-देनदारी के संबंध में दावा-आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। दावा आपत्ति दो माह के भीतर उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कांकेर के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कांकेर ने बताया कि निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्था का पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

### विनायकपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता 10 से

**दुर्गुकोंदल।** विनायकपुर में गोंडवाना क्रिकेट क्लब द्वारा छ दिवस टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन 10 अगस्त से किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 21 हजार 1 रूपए, द्वितीय पुरुस्कार 11 हजार 1 रूपए, तीसरा पुरस्कार 7 हजार 1 रूपए, चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार 1 रूपए दिया जाएगा।

# अंतर संकुल समूह की बैठक में शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के सोनादेई शैक्षिक अंतरसंकुल समूह के तहत संकुल केंद्र दमकसा, पर्रेकोड़ों, झिटकाटोला, हाटकोंदल, कलंगपुरी, तरहूल, तरईघोटिया, लोहत्तर व जाड़ेखुर्से के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के संस्था प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा में 4 अगस्त को हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी और खंड स्त्रोत समन्वयक ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि दैनिक प्रेयर टुगेदर और प्रश्नोत्तरी गतिविधियों को अनिवार्य

### प्रेयर और प्रश्नोत्तरी का आयोजन जरूरी



#### पांच सदस्यों का समूह गठित करने का निर्णय

इसके अतिरिक्त, शाला समय का पालन, बरसात में विद्यार्थियों की सुरक्षा, शाला परिसर की स्वच्छता, सामग्रियों का रखरखाव, और मध्यान्ह भोजन की दैनिक प्रविष्टि सुनिश्चित करने पर भी बल दिया जाए। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत समस्त संकुल प्राचार्यों सहित पांच सदस्यों का समूह गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें संकुल प्राचार्य, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एसएमडीसी सदस्य, सक्रिय कार्यकर्ता और सेवानिवृत्त शिक्षक शामिल होंगे। साथ ही न्योता भोज का आयोजन के लिए प्रोत्साहित करने, 7 अगस्त को होने वाले पहले पालक मेगा सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

करने, नवोदय, एकलव्य, प्रयास, और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीणता छात्रवृत्ति जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कालखंड और नोडल शिक्षक नियुक्त किया जाए। साथ ही सभी कापियों और पुस्तकों में कवर लगाने, नियमित होमवर्क देने व उसकी जांच करने और प्रत्येक माह के अंत में प्रधान पाठकों द्वारा कापियों में हस्ताक्षर व सील लगाने की प्रक्रिया को लागू करने पर जोर दिया जाए। खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम ने निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षकों को प्रतिदिन डायरी लिखने, अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, अपार आईडी और यू-डाइस प्लस डेटा को पूर्ण करने, स्थानीय इतिहास लेखन और स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

### कानून : कांकेर थाना में हुई शिकायत, कानून के तहत तीन साल की सजा का प्रावधान

# तीन तलाक का पहला मामला कांकेर में मोदी सरकार ने 2019 में बनाया कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

देश के पीएम 2019 में तीन तलाक के लिए कठोर नियम बनाया था और तीन तलाक को गैर कानूनी घोषित किया था। कांकेर में कानून बनने के बाद तीन तलाक का पहला मामला आया है, जिसकी शिकायत कांकेर थाना में 4 अगस्त को किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर शहर की एक महिला को गरियाबंद से उसके पति ने फोन में तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर दिया, महिला के परिजनों ने पहले तो युवक को समझाने की कोशिश किया, लेकिन जब युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा, इस पर महिला के परिजन 4 अगस्त को कांकेर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाया। विदित हो कि गरियाबंद के युवक इरफान की शादी कांकेर के एक मुस्लिम परिवार की महिला से 2017 में हुई थी, किंतु कुछ दिनों बाद ही इरफान का अफेयर एक दूसरी महिला से शुरू हो गया, जिसको लेकर पति पत्नी के बीच में अक्सर विवाद होता था। इस बीच इरफान ने अपनी प्रेमिका से शादी भी कर ली और घर ले आया। उस दौरान इरफान की पहली पत्नी कांकेर में थी। इसी बीच 20 जून 2025 को अचानक इरफान वारसी ने अपनी पहली पत्नी को फोन करके तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया। महिला का भाई उस समय सऊदी अरब हज पर गया था। महिला ने अपने भाई को सारी बात बताई। भाई ने अपने दामाद इरफान को सऊदी से ही फोन किया और समझाने की कोशिश किया, परंतु वो मानने को तैयार नहीं हुआ और अपनी जिद पर अड़ा रहा।



#### पीएम मोदी ने 2019 में लाया था कानून

तीन तलाक कानून जिसे मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 भी कहा जाता है। भारत में 1 अगस्त, 2019 से लागू हुआ। इस कानून ने /"तत्काल तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) को गैरकानूनी घोषित कर दिया, चाहे वह मौखिक, लिखित या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से दिया गया हो। तीन तलाक देने वाले पति को 3 साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। इसके अतिरिक्त, तलाकशुदा महिला को भरण-पोषण और नाबालिग बच्चों की कस्टडी का अधिकार भी मिलता है।

#### कांकेर थाना में हुई शिकायत

पीड़ित महिला का भाई कांकेर के मुस्लिम समाज के लोगों के साथ 4 अगस्त कोतवाली थाना पहुंच कर आरोपी इरफान वारसी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आरोपी के खिलाफ महिला के भाई का कहना है कि अब तीन तलाक पर कानून बन गया लिहाजा सामाजिक रूप से भी तीन तलाक देना अपराध की श्रेणी में आता है लिहाजा कांकेर पुलिस को तत्काल करवाई करनी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया कमेटी कांकेर के अध्यक्ष जावेद मेमन ने कहा कि भी तीन तलाक के माध्यम से तलाक देना अब अपराध है। इस प्रकार तीन तलाक देना मुस्लिम समाज के लिए भी घातक है।

# प्रस्ताव भेजा फिर भी टाटाकड़का के ग्रामीण सड़क-पुलिया से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



ग्राम पंचायत सिंहारी के आश्रित ग्राम मर्रामपानी के आश्रित पारा टाटाकड़का में ग्रामीणों को आजादी के 60 बरस बाद भी आवाजाही के लिए अच्छी सड़क और नाले पर पुलिया नहीं बनी। लोग कई सालों से बारिश में आवागमन के लिए नाले पर स्वयं लकड़ी की बांस बल्ली का उपयोग कर अस्थाई पुलिया बना रहे हैं।

ग्राम पंचायत सिंहारी के निर्वाचित सरपंचों ने कई बार ग्राम पंचायत से प्रस्ताव बनाकर जनपद पंचायत, जिला पंचायत, विधायक, सांसद को प्रस्ताव बनाकर भेजा है, लेकिन सड़क और पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृति नहीं मिली। ग्रामीण सोहन उयके, रमेश उयके, संजय कल्लो सनका हुर्रा, अस्सीराम हुर्रा, संतोष, प्रेम, जितेंद्र, राजकुमार ताम्रकार, रमेश कोमरा ने बताया कि हमारे गांव के आने जाने के लिए सड़क नहीं है। नाले पर पुलिया नहीं है। पगडंडी रास्ते के सहारे कई सालों से आवागमन करते हैं, बारिश मुसीबत बढ़ जाती है। लोग बीमार पड़ने से अस्पताल पहुंचने में भारी परेशानी होती है, लेकिन हमारी समस्या को कोई भी राजनितिक पार्टी के सरकार और प्रशासन ने नहीं सुनी। गांव में आंगनबाड़ी और स्कूल नहीं है, इसलिए बच्चों को स्कूल आंगनबाड़ी भी जाने में भारी कठिनाई होती है।

इसलिए मजबूरन नाले पर लकड़ी, बांस बल्ली की पुलिया बनाकर आवाजाही करते हैं। सरपंच राम गावड़े ने बताया कि टाटाकड़का जाने के लिए सड़क और पुलिया नहीं है। इसलिए नाले पर लकड़ी का पुलिया बना रहे हैं। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए सड़क और पुलिया निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल और जिला पंचायत कांकेर भेजा जाएगा।

# हल्बा आदिवासी समाज की राष्ट्रीय महासभा के मनोनीत पदाधिकारियों ने किया शपथग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



- अंतागढ़ के पूर्व विधायक मंतूराम बने राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्याम सिंह बने महासचिव



हल्बा आदिवासी समाज के राष्ट्रीय महासभा का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को बालोद जिले के चुरगियाँ मांगलिक भवन पाकुरभाट झलमला में हु, जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय महासभा स्तर के नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतागढ़ के पूर्व विधायक मंतूराम पवार व महासचिव श्याम सिंह तारम को मुख्य अतिथि जीआर राणा ने शपथ दिलाया, वहीं नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार ने समाज के लगभग 114 कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जीआर राना ने कहा कि 85 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद राष्ट्रीय महासभा का गठन हुआ है। भारत की आजादी के पूर्व ही सन 1940 में समाज के रूप में स्थापित हुआ और सन-1998 में पाँच महासभा 18 गढ़, 32 गढ़, 36 गढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र को मिलाकर राष्ट्रीय महासभा का गठन किया गया। इस दौरान समाज ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। समाज के संतुलित विकास में संयुक्त राष्ट्रीय महासभा का विशेष योगदान रहा है। यही कारण है कि आज हल्बा समाज इस रूप में आ खड़ा हुआ है। यह सामाजिक संगठन पूरे भारत के समाजजनों को हमेशा एकता के सूत्र में बाँधने का काम करेगी। हल्बा समाज के संगठनात्मक ढाँचे में परिवर्तन यह भी संकेत देता है कि आगे जाकर यह समाज पूरी मजबूती के साथ खड़ा होगा। नवगठित कार्यकारिणी टीम सदैव ही सामाजिक विकास की राह पर पथ-प्रदर्शक के रूप में गतिशील रहेगा।

हल्बा समाज के नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार ने कहा कि हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज की राष्ट्रीय महासभा का गठन आप सबके अथक सहयोग व मेहनत से ही संभव हो पाया है तथा समाज की अपेक्षित मंशाओं के अनुरूप ही आकार लिया है। इस बावत क्षेत्रीय महासभा महाराष्ट्र के गोरेगाँव में बैठक के उपरांत अखिल भारतीय स्तर पर विधिवत रूप से सामाजिक नियमावली को अंतिम रूप देते हुए अनुमोदन किया गया है, जो कि समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। महासचिव श्याम सिंह तारम ने कहा कि जो जिम्मेदारी समाज ने हमें दिया है,सभी कार्यकारिणी सदस्य समाज के सम्पूर्ण विकास के लिएउ सामाजिक ,आर्थिक, शैक्षणिक, संवैधानिक शिक्षा तथा समान रूप से समाज में न्याय व्यवस्था स्थापित करने के लिए काम करेंगे। झलमला के चुरगियाँ भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस कार्यकम को सफल बनाने में बालोद क्षेत्र के सभी समाज प्रमुखों व युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शराब की अवैध सप्लाई, दो कोचिए जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पुलिस के द्वारा जेल भेजे गए नशेड़िया से मिले इनपुट के आधार


- पुलिस की छामापार कार्रवाई से मचा हड़कंप





पर शराब और गांजा का अवैध ढंग से सप्लाई करने वालों पर पुलिस ने दबिश दिया और आमापारा में उमाशंकर श्रीवास्तव के घर की जाँच करने पर अवैध शराब मिली। उक्त आरोपी पर कांकेर थाना में कई मामले दर्ज है और जिला बदर भी रह चुका है। जेल भेजे गए नशेड़ियो से मिले इनपुट पर पुलिस ने सप्लाई करने वालों पर नजर रखना शुरू किया और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन एवं एएसपी आईपीएस आकाश श्री श्रीमाल, एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अनु. अधिकारी पुलिस मोहसीन खान व डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे के पर्यवेक्षण में कांकेर शहर एवं आसपास गांव में दिन में पैदल, बाईक गस्त एवं रात्रि गस्त पेट्रोलिग गस्त बढ़ाकर नशेड़ी, गजेडियो,नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी रखने एवं कार्यवाही करने के आदेश पर शहर में निरन्तर पुलिसिंग गश्त कार्यवाही कर असमाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार नागरिकों से संपर्क स्थापित कर शहर के कड़ी कार्यवाही के दौरान 3 अगस्त को आमापारा के उमाशंकर श्रीवास्तव के घर पर दबिश दिया। उसकी बाड़ी में आरोपी कामेश श्रीवास्तव पिता उमाशंकर श्रीवास्तव उम्र 22 साल निवासी भवानी चौक आमापारा 3.200 लीटर कीमती लगभग 3000 रुपए अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पाया गया। इसके अलावा पंडरीपानी चौक पर सुनील तेता पिता देवनारायण तेता उम्र 24 वर्ष निवासी कोदागांव को दबोचा गया, जिसके पास से 2.650 बल्क लीटर कीमती 1680 रुपए अवैध रूप से शराब मिली। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

#### उपद्रव करने वालों पर हुई कार्रवाई



**कांकेर।** शराब दुकान के पास सार्वजनिक जगह बरदेभाठा के पास गांजा एवं दारू पीकर लड़ाई झगड़ा करने की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची जहां कुछ लोग मारने पिटने के लिए उत्तेजित हो रहें थे। मौके पर आरोपी बरदेभाटा निवासी 28 वर्षीय प्रदीप मंडावी पिता कृष्णा मंडावी, बरदेभाठा निवासी 19 वर्षीय भोजराज मंडावी पिता किरण मंडावी और बरदेभाठा निवासी 23 वर्षीय गौरव नाग पिता पवन नाग को पकड़ा गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया गया।

### पतंजलि ने मनाया जड़ी बूटी दिवस



**भानुप्रतापपुर।** वर्तमान युग में धनवंतरी महर्षि पतंजलि, चरक ,सुश्रुत स्वरूप आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर तहसील पतंजलि योग समिति भानुप्रतापपुर द्वारा हर्षोल्लास के साथजड़ी बूटी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा अनेक औषधि पौधों के गुण एवं महत्ता की जानकारी दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐग्जीमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**पीएम आवास योजना के तहत माओवाद पीड़ित परिवारों को मिल रहे पक्के आवास का लाभ**

# प्रधानमंत्री विशेष परियोजना के तहत पक्के आवासों के निर्माण में कांकेर जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



प्रदेश में माओवाद से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (विशेष परियोजना) लागू की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर एवं उप मुख्यमंत्री व पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ति परिवारों के लिए स्वीकृत आवास को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी तारतम्य में इस योजना के तहत 3 माह के कम समय में ही पक्की छत सहित पहला पक्का आवास सबसे पहले कांकेर जिले में पूर्ण हुआ है, यह जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 200 किलोमीटर दूर विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत उलिया के नक्सल पीड़ति परिवार दसरी बाई नुरूटी के पति दोगे नुरूटी की विधानसभा चुनाव के दौरान माओवादी घटना में मृत्यु हो गई थी, जिसे विशेष परियोजना मार्च 2025 में आवास स्वीकृत किया गया एवं माह मई 2025 से आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करते हुए लगभग 3 माह की अल्प समयावधि में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। हितग्राही के हौसले के कारण कठिन परिस्थिति के बावजूद आवास तैयार हो गया और नुरूटी परिवार को पक्का मकान मिल गया। हितग्राही दसरी बाई ने बताया कि आवास ब्लॉक मुख्यालय से अत्यंत दूर होने के कारण वहां पहुंचने के लिए चारपहिया वाहन चलने के लिए कोई मार्ग नहीं है, जिसके कारण निर्माण सामग्री ले जाने में अधिक कठिनाइयां आईं। हल्की बरसात होने के साथ ही दोपहिया वाहन के साथ भी पहुंचना अत्यंत मुश्किल होता था, जिसके चलते समय पर मिस्त्री एवं लेबर भी पहुंचने के लिए मना करते थे। साथ ही अंदरूनी क्षेत्र होने से निर्माण सामग्री को ले जाने के लिए भी लागत सामान्य क्षेत्र के मुकाबले अधिक पड़ जाती थी। ब्लॉक मुख्यालय से अत्यंत दूर होने के कारण राजमिस्त्री की भी कमी के बावजूद यह आवास तैयार किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत के द्वारा व्यक्तिगत रूप से लगातार निरीक्षण करते हुए समस्याओं को समाधान करने हेतु तत्परता आवास टोली के माध्यम से हितग्राही के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया गया तथा सामग्री पहुंचाने में विशेष सहयोग किया गया। यह सब जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत और प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत संभव हुआ है, जिन्होंने नक्सल पीड़तिों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास हेतु संवेदनशील और प्रभावी नीति बनाई है।

